अत्यावश्यक
ई-मेल/स्पीड पोस्ट

पत्रांक-2प/पं०स०भ०/09-16/2024/9449/पं०रा०

**बिहार सरकार**

**पंचायती राज विभाग**

प्रेषक,

**नजर हुसैन,**
अपर सचिव

सेवा में,

**जिला पदाधिकारी,**
बेगूसराय।

पटना, दिनांक 29/7/2025

**विषय :- पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भूमि का अंतर्विभागीय हस्तांतरण के संबंध में।**

**प्रसंग :- शिक्षा विभाग (माध्यमिक शिक्षा कार्यालय), बिहार, पटना का पत्रांक-1192 दिनाक-03.07.2025 एवं आपका पत्रांक-2839 दिनांक-02.08.2024**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभागीय पत्रांक-2487 दिनांक-13.02.2025 के माध्यम से बेगूसराय जिला अंतर्गत बेगूसराय प्रखंड के ग्राम पंचायत धबौली में पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु अयोध्या कर्पूरी चरण उच्च विद्यालय, धबौली के खाता संख्या-335, खेसरा संख्या-215, रकवा-50 डि० की भूमि का अंतर्विभागीय हस्तांतरण के लिए अनापत्ति/सहमति के बिन्दु पर शिक्षा विभाग, बिहार, पटना से अनुरोध किया गया था।

शिक्षा विभाग (माध्यमिक शिक्षा कार्यालय), बिहार, पटना द्वारा प्रासंगिक पत्र के माध्यम से पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचित किया गया है कि अयोध्या कर्पूरी चरण उच्च विद्यालय, धबौली, बेगूसराय सम्बद्धता प्राप्त (बिहार सरकार से) वित्त रहित एवं अनुदान रहित होने के कारण शिक्षकों को जमीन के माध्यम से प्राप्त आय से ही मानदेय का भुगतान किया जाता है। पंचायत सरकार भवन बनने से विद्यालय के आय में कमी आयेगी, जिससे शिक्षकों को मानदेय भुगतान में परेशानी होगी। साथ ही विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधि प्रभावित होगी। इस स्थिति में उक्त भूमि पर पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु निःशुल्क अंतर्विभागीय भूमि हस्तांतरण के बिन्दु पर असहमति व्यक्त की गयी है।

अतः उपरोक्त के आलोक में अनुरोध है कि पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु बेगूसराय प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत धबौली में अन्य उपयुक्त भूमि चयन करने की कार्रवाई की जाय।

**अनुलग्नक : यथोक्त।**

विश्वासभाजन

(नजर हुसैन)
अपर सचिव

**ज्ञापांक : 2प/पं०स०भ०/09-16/2024/9449 पं०रा० पटना, दिनांक 29/7/2025**

**प्रतिलिपि :** जिला पंचायत राज पदाधिकारी, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नजर हुसैन)
अपर सचिव

ज्ञापांक : 2प/पं०स०भ०/09–16/2024/9449 पं०रा० पटना, दिनांक 29/7/2025

**प्रतिलिपि** : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/- 24/7/25
(नजर हुसैन)
अपर सचिव

ज्ञापांक : 2प/पं०स०भ०/09–16/2024/9449 पं०रा० पटना, दिनांक 29/7/2025

**प्रतिलिपि** : आई टी० मैनेजर, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

ह०/- 24/7/25
(नजर हुसैन)
अपर सचिव

60

सचिव
पंचायती राज विभाग
गोपनीय कोषांग
ई-ऑफिस डायरी सं0 4326648
दिनांक 10/7/25

पत्रांक— 03/मा0शि0/अधि0— 541/2025 1192

बिहार सरकार
शिक्षा विभाग,
(माध्यमिक शिक्षा कार्यालय)

प्रेषक,

दिनेश कुमार भा0प्र0से0
सचिव—सह—निदेशक (माध्यमिक शिक्षा)

सेवा में,

समाहर्त्ता,
बेगूसराय।

पटना, दिनांक— 03/07/2025

विषयः— **अयोध्या कर्पूरी चरण उच्च विद्यालय, धबौली, बेगूसराय के प्रस्तावित भूमि पर पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु सहमति/अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या— 2839, दिनांक— 02.08.2024 के द्वारा बेगूसराय जिलान्तर्गत पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु अयोध्या कर्पूरी चरण उच्च विद्यालय, धबौली, बेगूसराय के प्रस्तावित भूमि को हस्तान्तरित करने हेतु अनुरोध किया गया है।

प्रस्तावित भूमि की विवरणी मौजा—धबौली, थाना नं0—336 खाता—335 खेसरा—215 रकवा— 50 डी0, चौहद्दी—उ0 में—खेसरा हाजा, द0—रामदेय यादव सर्वे, पूरब में—खेसरा हाजा, प0 में जीतेन्द्र यादव का वारीसान, जमाबंदी संख्या—भोलूम—14, जमाबंदी संख्या—390 किस्म—शिक्षा विभाग की भूमि है।

प्राप्त प्रतिवेदन के समीक्षोपरान्त पाया गया कि अयोध्या कर्पूरी चरण उच्च विद्यालय, धबौली, बेगूसराय सम्बद्धता प्राप्त (बिहार सरकार से) वित्त रहित एवं अनुदान रहित होने के कारण शिक्षकों को जमीन के माध्यम से प्राप्त आय से ही मानदेय का भुगतान किया जाता है। पंचायत सरकार भवन बनने से विद्यालय के आय में कमी आयेगी, जिससे शिक्षकों को मानदेय भुगतान में परेशानी होगी। साथ ही, विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधि प्रभावित होगी।

वर्णित स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त पाया गया कि अयोध्या कर्पूरी चरण उच्च विद्यालय, धबौली, बेगूसराय के प्रस्तावित/चयनित भूमि पर पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु निःशुल्क अन्तर विभागीय हस्तान्तरण पर सहमति/अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने पर असहमति संसूचित किया जाता है।

प्रस्ताव पर माननीय विभागीय मंत्री महोदय का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

(दिनेश कुमार)
सचिव—सह—निदेशक (माध्यमिक शिक्षा)

निदेशक, पंचायत राज विभाग, बिहार, पटना
11 JUL 2025

ज्ञापांकः— 03/मा0शि0/अधि0— 541/2025 1192 पटना, दिनांक— 03/07/2025

**प्रतिलिपि**— सचिव, पंचायत राज विभाग, बिहार, पटना/क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, मुंगेर प्रमण्डल, मुंगेर/जिला शिक्षा पदाधिकारी, बेगूसराय/प्रधानाध्यापक, अयोध्या कर्पूरी चरण उच्च विद्यालय, धबौली, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सचिव—सह—निदेशक (माध्यमिक शिक्षा)

1169
18/7/25

16-7-25